कार्यवृत्त
बुधवार, 20 फाल्गुन, शक संवत्, 1936
(दिनांक 11 मार्च, 2015 ई0)

खण्ड–42
अंक–1

विधान सभा का कार्य सभा मण्डप, देहरादून में दिन के 03:00 बजे श्री अध्यक्ष के सभापतित्व में राष्ट्रीय गीत ''वन्दे मातरम्'' के साथ आरम्भ हुआ।

श्री अध्यक्ष द्वारा श्री राज्यपाल के अभिभाषण का पाठ आरम्भ करते ही भाजपा के सभी सदस्य अपने–अपने स्थान पर खड़े होकर अपनी–अपनी बात को जोर–जोर से कहने लगे। जिससे घोर व्यवधान होने लगा।

श्री अध्यक्ष द्वारा श्री राज्यपाल के अभिभाषण के प्रथम एवं अन्तिम अंश को पढ़कर सुनाया गया।

श्री अध्यक्ष ने सूचित किया कि कार्य मंत्रणा समिति ने अपनी दिनांक 10 मार्च, 2015 की बैठक में दिनांक 11 मार्च, 2015 से 16 मार्च, 2015 तक के उपवेशन का कार्यक्रम निम्नलिखित रूप में रखे जाने की सिफारिश की है:–

<u>मार्च, 2015</u>

11 बुधवार	1.	श्री अध्यक्ष द्वारा माननीय राज्यपाल के अभिभाषण का पाठ। (अपराहन 03:00 बजे)
12 गुरूवार	1.	निधन के निदेश।
13 शुक्रवार	1.	धन्यवाद प्रस्ताव का प्रस्तुतीकरण।
	2.	धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा और पारण।
	3.	अध्यादेशों का पटल पर रखा जाना।
	4.	विधायी कार्य।
14 शनिवार		अवकाश।
15 रविवार		अवकाश।
16 सोमवार	1.	विधायी कार्य।
	2.	मा0 वित्त मंत्री जी द्वारा वर्ष 2015–16 के आय–व्ययक का प्रस्तुतीकरण। (सांय 4:00 बजे।)

संसदीय कार्य मंत्री ने प्रस्ताव किया कि यह सदन कार्य–मंत्रणा समिति की सिफारिश, जिसकी सूचना माननीय अध्यक्ष द्वारा सदन को दी गई है, से सहमत है। प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

सदन की कार्यवाही 3 बजकर 7 मिनट पर अगले दिन के 11 बजे तक के लिये स्थगित हुई।

जगदीश चन्द्र
सचिव,
विधान सभा।

स्वीकृत,
गोविन्द सिंह कुंजवाल
अध्यक्ष,
विधान सभा।